<u>मतदाता जागरूक रैली</u>

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 17-09-2024 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के निर्देशन में चुनावी साक्षरता क्लब द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक मतदाता जागरूक रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवा मतदाताओं की अहम् भूमिका है इसलिए लोकतंत्र के इस पर्व में, एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए सभी मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन के सजग होकर सोच समझ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और आस-पास के नागरिकों को भी स्वतंत्र निष्पक्ष मतदान करने व अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों के साथ लोगों के मतदान के प्रति जागरूक किया।

छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान।

वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है।

लोकतंत्र की यही पहचान, मत, मतदाता और मतदान ॥

इस रैली का आयोजन चुनावी साक्षरता क्लब कि नोडल अधिकारी डॉ. रितु व अन्य सदस्य, एन.सी.सी. अधिकारी सबलेफ्टिनेंट डॉ. पूजा सैनी, Y.R.C. संयोजक श्री सुभाष, डॉ. रचना कलसन वाणिज्य विभाग सहायक प्रोफ़ेसर शारीरिक शिक्षक विभाग डॉ. जगवीर सिंह व श्री पवन दलाल द्वारा किया गया।